**खबर संक्षेप**

### एस्मा का दुरुपयोग कर एफआईआर का विरोध, सीआईडीए ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ इन सर्विस डाक्टर्स एसोसिएशन (सीआईडीए) ने सहकारी बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान कृषि अधिकारियों पर अतिरिक्त दायित्व सौंपे जाने तथा एस्मा का दुरुपयोग कर की जा रही एफआईआर का कड़ा विरोध किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. इकबाल हुसैन ने प्रदेश के मुख्य सचिव को इस कार्रवाई का विरोध करने के साथ पांच सूत्रीय मांग को लेकर पत्र लिखा है। डा. इकबाल ने इस इस पत्र के माध्यम से एस्मा के तहत अधिकारियों पर कराई गई एफआईआर को निरस्त करने, गिरफ्तार अधिकारियों को ससम्मान रिहा करने, इस तरह का आदेश जारी करने वाले अधिकारियों पर विभागीय जांच कराने, भविष्य में किसी भी संवर्ग पर तकनीकी क्षमता से असंबंधित कार्य थोपने की प्रथा समाप्त करने तथा कृषि अधिकारियों और अन्य तकनीकी कैडर के कार्य विभाजन, अधिकार एवं जिम्मेदारियों को लेकर स्पष्ट आदेश जारी किए जाने की मांग की है।

शासन से हस्तक्षेप करने की मांग : इस मांग पत्र के माध्यम से सीआईडीए ने शासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर इस संवेदनशील प्रकरण को न्यायपूर्ण तरीके से सुलझाए हुए शासन और कर्मचारियों के बीच बिड़ते रिश्ते को रोकने की मांग की है।

### मरीजों के लिए उपलब्ध नहीं हैं चिकित्सक



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में दौरा कर स्वास्थ्य सेवाएं की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस कड़ी में टीम ने बिरगांव में दौरा किया। रायपुर जिलाध्यक्ष नवनीत नंदे, संगठन मंत्री सागर क्षीर सागर, सुरेंद्र बिसेन और महासचिव नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा, बिरगांव इलाके में स्वास्थ्य व्यवस्था बदतर है। निरीक्षण के समय उप स्वास्थ्य केंद्र में एक भी डॉक्टर या स्टाफ केंद्र में उपस्थित नहीं था। मरीजों के लिए कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। केंद्र पूरी तरह से बंद और असुविधाजनक स्थिति में मिला। आम आदमी पार्टी ने व्यवस्था सुधार की मांग शासन से की है।

### कैबिनेट मंत्री ने पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान करने का दिया भरोसा



**रायपुर।** विगत दिनों जिला अस्पताल दुर्ग में प्रसव के दौरान हुई महिलाओं की हुई दुर्भाग्यजनक मौत के परिजनों से केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने मुलाकात कर संवेदना व्यक्त किया। शिक्षा ग्रामोद्योग और विधि विधायी मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि दुर्ग निगम क्षेत्र के शिवपारा निवासी किरण यादव एवं बजरंग नगर निवासी पूजा यादव के विगत दिनों हुए दुर्भाग्यपूर्ण निधन की घटना अत्यंत व्यथित करने वाली है। यह घटना न केवल दो परिवारों के लिए अपूरणीय क्षति है, बल्कि समाज को भी गहरी पीड़ा पहुंचाने वाली है। बुधवार को दोनों शोकाकुल परिवारों के निज निवास पहुँचकर परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान किया।

# महिला सहायक प्राध्यापकों ने प्रोफेसर पर लगाए अभद्र व्यवहार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने बुधवार को शासकीय नवीन महाविद्यालय नवागांव में कार्यरत महिला सहायक प्राध्यापकों की शिकायत पर सुनवाई की। महिला प्राध्यापकों ने पुरुष प्राध्यापक पर उनके साथ अभद्र व्यवहार, धमकी देने और अपमानित करने का आरोप लगाया है। वहीं अनावेदक ने भी महिलाओं पर आरोप लगाया है कि वे सभी पुरुष प्राध्यापक से खिलाफत करती हैं। दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद आयोग ने महाविद्यालय के प्राचार्य को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने इस मामले की जांच कर दो माह के भीतर रिपोर्ट आयोग में पेश करने कहा है।

आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के कार्यालय रायपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान में एक प्रकरण में शासकीय नवीन महाविद्यालय नवागांव में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत महिलाओं ने यहां पदस्थ पुरुष सहायक प्राध्यापक पर कई आरोप लगाए हैं। आवेदिकाओं ने बताया कि अनावेदक कॉलेज के छात्र-छात्राओं के सामने उनके साथ अभद्र व्यवहार, धमकी देना और अपमानित करते हैं। कॉलेज के छात्र-छात्राओं को भी नंबर काटने की धमकी देकर उन पर दबाव डालते हैं। आवेदिकाओं ने यह भी आरोप लगाया कि अनावेदक बार-बार जूते के नीचे रहो कहकर धमकाते रहते हैं। एक आवेदिका ने यह भी आरोप लगाया है कि उसने मेडिकल आवश्यकता के आधार पर अवकाश की सूचना कॉलेज ग्रुप में दी थी। इसके बावजूद अनावेदक ने सार्वजनिक तौर पर उसके साथ अभद्र भाषा में आपत्तिजनक तरीके से उसे धमकाते हुए बात की, जिसकी वजह से आवेदिका का बीपी लो हो गया और उसकी प्रेगनेंसी में बच्चे का हार्टबीट बंद होने से अबॉर्शन हो गया। इधर अनावेदक ने अपने बचाव में कहा कि सभी महिला प्राध्यापक कॉलेज में पुरुष प्राध्यापक की खिलाफत करती हैं, इसलिए झूठे आरोप लगा रही हैं। दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद आयोग ने कॉलेज के प्राचार्य को पत्र लिखकर आदेश दिया है कि दो माह के भीतर इस मामले की जांच कर रिपोर्ट आयोग को सौंपे।

## राज्य महिला आयोग ने प्राचार्य को भेजा पत्र, 2 माह में जांच कर मांगी रिपोर्ट

### सदस्यों का सुनवाई का बहिष्कार जारी

*इधर एक ओर जहां आयोग की अध्यक्ष लगातार महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई करने के साथ उनका निराकरण कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर इस सुनवाई में आयोग की अन्य सदस्य शामिल नहीं हो रही हैं। आयोग की तीन सदस्य लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया, दीपिका सोरी और अध्यक्ष किरणमयी नायक के बीच का विवाद अभी तक सुलझ नहीं पाया है। आयोग की तीन सदस्यों ने पूर्व में अध्यक्ष पर मनमानी करने सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए सुनवाई का बहिष्कार किया था। इसके बाद से तीनों सदस्य आयोग की सुनवाई में शामिल नहीं हो रही हैं।*




## पकड़े गए बंधुआ मजदूरों में से 23 लड़के और 34 लड़कियों को छोड़ा गया

# ऐसा है सिस्टम...जिन बंधुआ बच्चों को मशक्कत कर छुड़वाया, उन्हें 36 घंटे में ही ले गए ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मशरूम फैक्ट्री से छुड़ाए गए नाबालिग श्रमवीरों के मामले में नया मोड़ आ गया है। सोमवार देर रात जिन लड़के-लड़कियों को महिला एवं बाल विकास विभाग के संरक्षण अधिकारी और समाजिक संगठन के सदस्यों ने मिलकर छुड़वाया था, उन्हें बुधवार दोपहर ठेकेदार अपनी बस में बैठाकर दोबारा फैक्ट्री में मजूदरी के लिए ले गए। अधिकारी मशरूम फैक्ट्री और ठेकेदारों के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं जुटा पाए। जिनके दस्तावेज उन्हें अब तक नहीं मिल सके हैं, केवल उन्हें ही नाबालिक मानते हुए माना स्थित संरक्षण गृह में रखा गया है। शेष को ठेकेदारों के हवाले कर दिया गया है। सोमवार देर रात छुड़वाए गए 48 लड़कों में से 23 को छोड़ दिया गया है और 25 के डॉक्यूमेंट का इंतजार है। इसी तरह से 61 लड़कियों में से 34 को छोड़ दिया गया है और केवल 21 लड़कियों को ही उनकी उम्र संबंधित डॉक्यूमेंट मिलने तक रखा गया है।

उम्र संबंधित कागजात दिखाने के साथ ही लड़के-लड़कियों को खरोरा स्थित मोजो मशरूम फैक्ट्री के ठेकेदार दोबारा ले गए, जबकि छुड़वाई गई लड़कियों में से कई ने ठेकेदार और उनके आदमियों के खिलाफ निजी अंगों को छूने और छेड़छाड़ जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। छुड़वाए गए बच्चे यदि बालिक हैं, तब भी उन्हें जिस स्थिति में रखा गया और काम के बदले जो मजदूरी दी जा रही थी वो श्रम कानूनों का उल्लंघन है। इसके बाद भी इन पर बगैर कोई कार्रवाई किए चुपचाप ठेकेदारों को सौंप दिया गया है। श्रम विभाग भी शिकायत पर ही कार्रवाई करने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहा है।

### हर राज्य में अलग ठेकेदार

जिन बंधुआ मजदूरों को छुड़वाया गया है, वे अलग-अलग राज्यों से हैं। इनमें असम, झारखंड, ओडिशा, यूपी, एमपी और पश्चिम बंगाल से आए हुए मजदूर शामिल हैं। सभी राज्यों में अलग-अलग ठेकेदार हैं, जो मजूदरों की सप्लाई करते हैं। कंपनी इन ठेकेदारों से संपर्क कर मजदूरों का मोल-भाव करती है। जिन मजूदरों के उम्र संबंधित दस्तावेज नहीं मिल सके हैं, उन्हें नाबालिक मानकर महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारी तथा एसोसिएशन फॉर वॉयलेंट्री एक्शन के सदस्य बुधवार देर शाम खरोरा थाने मामले की शिकायत करने अवश्य पहुंचे, लेकिन आधे बच्चों को ठेकेदारों को ले जाते देखकर रोके गए बच्चों को भी विशेष राहत की उम्मीद नहीं है।


मशरूम फैक्ट्री से छुड़वाई गई बच्चियों ने काउंसिलिंग में सुनाई दर्दनाक आपबीती
बच्चियों ने कहा-ठेकेदार संग उसके आदमी काम के बहाने निजी अंग छूते थे, छेड़छाड़ भी

- काउंसिलिंग में बच्चे स्वीकार चुके, उन्हें माता-पिता ने पैसों की खातिर भेजा
- श्रम विभाग भी शिकायत पर ही कार्रवाई करने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहा

**शिकायत दर्ज :** महिला एवं बाल विकास विभाग ने शिकायत दर्ज कराई है। इसके आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**- वीरेंद्र चतुर्वेदी**, सीएसपी, विधानसभा

### कई बच्चे जुलाई में भी छुड़वाए गए

जिन बच्चों को नवंबर माह में हुई छापेमारी में छुड़वाया गया है, उनमें से आधा दर्जन बच्चे ऐसे हैं, जिन्हें जुलाई माह में छापेमारी के दौरान भी छुड़वाया जा चुका है। इनमें से कुछ बच्चों ने काउंसिलिंग के दौरान बताया कि उनके माता-पिता निश्चित राशि लेकर उन्हें ठेकेदार को सौंप चुके हैं, इसलिए उन्हें एक बार छुड़वाए जाने के बाद दोबारा काम पर लौटना पड़ा। इसके बाद भी इन बच्चों को केवल इस आधार पर ठेकेदारों के साथ जाने दिया गया, क्योंकि ये बालिक हैं। इन लड़के-लड़कियों ने आगे पढ़ने की इच्छा भी काउंसिलिंग के दौरान जताई थी। इनमें से कई 8वीं-10वीं पास हैं, जबकि कई पढ़ना-लिखना बिल्कुल भी नहीं जानते हैं। गौरतलब है कि इसी मशरूम फैक्ट्री में बंधक बनाकर मजदूरी कराए जाने का मामला इसी साल जुलाई माह में भी सामने आया था। उस दौरान 90 से अधिक मजदूरों को रेस्क्यू किया गया था। उस वक्त मामला लेबर कोर्ट तक पहुंचा। फिर कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई और ठेकेदार फिर से बच्चों से मजदूरी कराने लगे। नवंबर माह में हुई कार्रवाई भी इसी दिशा में बढ़ती नजर आ रही है।

# ढाई साल के सौतेले बेटे की हत्या, हादसा बनाने की थी साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिवार द्वारा अपनाने से इनकार करने पर सौतले पिता ने ढाई साल के बच्चे को पीट-पीटकर मार डाला। पिटाई से गंभीर रूप से जख्मी मासूम के चोट की वजह हादसा बताने की साजिश की जा रही थी, मगर पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से सच्चाई का खुलासा हो गया। कबीरनगर थाने की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि ढाई साल के सौतले बेटे की हत्या के आरोप में आसिब खान को गिरफ्तार किया गया है। वहीं बच्चे की सगी मां को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बच्चे को गंभीर रूप से जख्मी हालत में एम्स लाया गया था। पिता ने डाक्टरों को बताया था कि बच्चा खेलते-खेलते गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोट लगी थी। इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई और जब उसका पोस्टमार्टम कराया गया, तो हत्या का राज खुल गया। पिता आसिब ने उसे इतना मारा था कि उसकी मौत हो गई।

**परिवार अपनाना नहीं चाहता था, 20 दिन से कर रहा था टार्चर**

**पिता ने इतना पीटा की मासूम ने जान गंवा दी**

### मारपीट से मासूम के शरीर में काफी जख्म बन चुके थे

*पुलिस अफसर के अनुसार आसिब ने परित्यक्ता रेशमी नामक महिला से शादी की थी। रेशमी अपने दो बच्चों को मायका छोड़ आई थी और मासूम को अपने साथ लेकर आई थी। आरोपी आसिब के पिता बहू को अपनाने को राजी थे, मगर उसके बच्चे को रखना नहीं चाहते थे। इसे लेकर आसिब से उसकी कहा सुनी होती थी। आसिब इस बात को लेकर नाराज था और उसने मासूम बच्चे पर गुस्सा निकालना शुरू कर दिया। पिछले 15-20 दिन से वह मासूम को बुरी तरह से पीट रहा था। मारपीट से मासूम के शरीर में काफी जख्म बन चुके थे और उसके कुछ आर्गन भी प्रभावित हो गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की और हत्या का खुलासा हो गया।*

# आयुष का 'वयोमित्र' कार्यक्रम से अब तक 7.34 लाख को मिला स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखते हुए वर्ष 2024 में शुरू किए गए वयोमित्र कार्यक्रम का लाभ अब तक 7.34 लाख से अधिक लोगों को मिल चुका है। इस योजना की शुरुआत पूर्व में संचालित सियान जतन अभियान की सफलता के बाद किया गया है। योजना के तहत बुजुर्गों को विभिन्न तरह की स्वास्थ्य जांच के साथ योगा, प्राणायाम के साथ प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में भी परामर्श दिया जाता है।

राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत राष्ट्रीय कार्यक्रम 'वयोमित्र' की शुरुआत छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024 से राज्य के 146 विकासखंडों में है। इसका मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों की स्वास्थ्य सेवा को सशक्त, सुलभ और प्रभावी बनाना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों की स्वास्थ्य सेवा को सशक्त, सुलभ और प्रभावी बनाना है तथा समुदाय स्तर पर उनकी स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना भी है। इस पहल से, राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष पद्धतियों के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य लाभ मिलने की उम्मीद है, जिससे उनका बुढ़ापा अधिक स्वस्थ और सम्मानजनक बन सकेगा। इस योजना में मरीजों को वृद्धावस्था में होने वाली सामान्य बीमारियों के लिए सुरक्षित उपचार एवं सलाह विभिन्न शिविरों के माध्यम से दी जाती है। दावा किया जा रहा है कि आयुष आधारित जीवनशैली को अपनाने से मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता और गुणवत्ता में वृद्धि हो रही है। इससे समुदाय में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सहानुभूति एवं सहयोग की भावना में वृद्धि भी हो रही है। संचालनालय आयुष के तहत संचालित इस कार्यक्रम ने अब तक 7 लाख 34 हजार से अधिक नागरिकों को लाभान्वित किया है, जो इसकी व्यापक पहुंच और सफलता को दर्शाता है।

- सियान जतन योजना की सफलता के बाद 2024 से वयोमित्र योजना का संचालन

### स्वास्थ्य कल्याण का व्यापक मंच

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि आयुष राष्ट्रीय कार्यक्रम 'वयोमित्र' छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक व्यापक मंच बन गया है। यह कार्यक्रम वृद्धजनों को उनके घर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। आयुष विभाग ने सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं उनके परिवारों से आग्रह किया है कि वे इस कार्यक्रम का पूर्ण लाभ अवश्य लें।

# सहारा इंडिया में निवेशकों के एक लाख 13 हजार करोड़ से अधिक पैसे फंसे, रिफंड हुए 7580 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में सहारा इंडिया के समूहों में निवेशकों के एक लाख 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक पैसे फंसे हुए हैं। सहारा इंडिया समूह रायपुर से जुड़े सूत्रों से मिले आकड़ों के अनुसार इन फंसे पैसों को सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को लौटाया जा रहा है। इसके तहत देशभर के निवेशकों को अब तक कुल 7580 करोड़ रुपए लौटाए गए हैं।

इसमें छत्तीसगढ़ में 86 करोड़ रुपए से अधिक राशि लौटाई गई है। हालांकि निवेशकों की फंसी कुल राशि की तुलना में लौटाई गई राशि बहुत छोटी है। निवेशकों को यह राशि अभी तक 10 हजार, 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक लौटाई जा रही थी, वहीं जनवरी 2026 से इसे बढ़ाकर एक लाख से लेकर 5 लाख रुपए तक किए जाने की संभावना है।

### प्रदेश में 25 लाख से अधिक निवेशकों के 20 हजार करोड़ से अधिक राशि फंसी

सहारा इंडिया समूह छत्तीसगढ़ के पूर्व एजेंटों के अनुसार प्रदेशभर में 25 लाख से अधिक निवेशकों के 20 हजार करोड़ से अधिक पैसे फंसे हुए हैं। इन फंसे पैसों की तुलना में अभी तक 86 करोड़ रुपए ही लौटाए गए हैं। एजेंटों का कहना है कि प्रदेश से जितने आवेदन रिफंड के लिए गए हैं, उनमें लगभग आधे आवेदनों को अलग-अलग कारण से रिजेक्ट कर दिए गए हैं। इसके कारण प्रदेश के निवेशकों को उनके डूबे पैसे भी मिल नहीं पा रहे हैं।

**छत्तीसगढ़ के निवेशकों को भी 86 करोड़ से अधिक रिफंड**


सहारा इंडिया की 127 कंपनियों के अंतर्गत स्कीमों में कराया गया था निवेश, रिफंड मात्र 4 कंपनियों का
छत्तीसगढ़ में 25 लाख परिवार प्रभावित, एक लाख कर चुके आवेदन, रिफंड 300 से कम निवेशकों को मिला

### सहारा की 34 प्रॉपर्टी विवादित, अडानी समूह खरीदने की तैयारी में

*सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को उनके डूबे पैसे वापस किए जा रहे हैं। इसके तहत सहारा समूह का सेबी के पास जमा राशि को धीरे-धीरे जारी कर रिफंड पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को लौटाई जा रही है। सहारा समूह की खुद की करीब 88 प्रॉपर्टी भी हैं। सूत्रों के अनुसार इन प्रॉपर्टियों को खरीदने में अडानी समूह ने रुचि भी दिखाई है। इसके लिए अडानी समूह ने अर्जी भी लगाई हुई है। बताया जा रहा है कि सहारा समूह की करीब 34 प्रॉपर्टी विवाद में फंसी हुई है। इसके कारण अभी तक यह प्रॉपर्टी की बिक्री नहीं हो पाई है। सूत्रों की मानें, तो प्रॉपर्टी की बिक्री होने से जो राशि मिलेगी, वह भी निवेशकों को वापस की जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि आगामी एक-दो महीने के भीतर विवादित 34 प्रॉपर्टी पर फैसला आ सकता है, जिसके बाद कानूनी अड़चनें दूर हो जाएंगी और सौदा हो पाएगा।*

### डेटा बदलने का आरोप

सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह राजपूत ने पूर्व में यह आरोप भी लगा चुके हैं कि सहारा सोसायटियों के प्रबंधन के द्वारा सीआरसीएस को सत्यापन कर जो डेटा दिया गया है वह अपूर्ण है। प्रबंधन ने डेटा को बदल दिया है। पोर्टल भी पारदर्शिता नहीं है। इसके कारण सिर्फ 4 सोसायटियों के निवेशकों को पैसे लौटाए जा रहे हैं, जबकि सहारा समूह की 127 सोसायटियों में निवेशकों ने पैसे निवेश किए हैं।

### प्रॉपर्टी बिक्री पर सेबी को ऐतराज नहीं

सूत्रों के अनुसार सहारा समूह की प्रॉपर्टी को अडानी समूह खरीदने की रुचि ले रहा है। इसे लेकर सेबी ने भी ऐतराज से इनकार किया है। सेबी का कहना है कि प्रॉपर्टी की बिक्री की राशि भी सेबी में ही जमा होनी है, जिसे बाद में निवेशकों को रिफंड पोर्टल के माध्यम से लौटाया जाना है।

# प्रदेश में 31 हजार से अधिक गाड़ियों में लगा जीपीएस सिस्टम, इनमें 26426 माल वाहक एवं 4712 बसें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने देश के सभी राज्यों में चलने वाली सार्वजनिक बसें, माल वाहक एवं टैक्सी वाहन में ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) और पैनिक बटन लगाना अनिवार्य किया है। इसके तहत छत्तीसगढ़ में भी लगातार गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगाए जा रहे हैं, लेकिन पैनिक बटन अब तक नहीं लगाए गए हैं।

परिवहन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक कुल 31 हजार 397 वाहन में जीपीएस सिस्टम लगाए गए हैं। इनमें 26426 माल वाहक, 4712 बसें तथा 259 चारपहिया वाहन शामिल हैं। देखा जाए तो प्रदेश में पंजीकृत गाड़ियों की तुलना में जीपीएस सिस्टम बहुत कम गाड़ियों में लग पाया है, जबकि इस नियम को लागू हुए 6 साल से ज्यादा हो चुका है। इसके बाद भी वाहन मालिक जीपीएस सिस्टम और पैनिक बटन नहीं लगवा रहे हैं।

### महिला एवं यात्रियों की सुरक्षा के कारण नियम लागू

जीपीएस सिस्टम एवं पैनिक बटन को लागू करने के पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य महिलाओं तथा यात्रियों की सुरक्षा करना है। यह सिस्टम वर्ष 2018 में लागू हुआ है, वहीं वर्ष 2019 में इस सिस्टम को सख्ती से पालन कराने के निर्देश परिवहन मंत्रालय ने दिए थे। इस निर्देश के तहत प्रदेश में लगातार सार्वजनिक माल वाहक, टैक्सी वाहन एवं बसों पर जीपीएस सिस्टम एवं पैनिक बटन लगाने के लिए राज्य परिवहन विभाग द्वारा दबाव भी बनाया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण इसका असर वाहन मालिकों पर नहीं पड़ रहा है। यही कारण है कि जीपीएस एवं पैनिक बटन सिस्टम लगाना अनिवार्य होने के बाद भी प्रदेश में अभी तक बहुत कम संख्या में गाड़ियों में ये सिस्टम लगाए गए हैं।



**निगरानी के साथ राजस्व नुकसान भी बचेगा :** आबकारी विभाग के गोदामों एवं दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिसके जरिए उनकी निगरानी की जाती है, वहीं शराब परिवहन गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगने से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, साथ ही राजस्व के नुकसान को रोका जा सकेगा।

### शराब परिवहन की गाड़ियों में भी अब तक नहीं लगा

छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग ने शराब के अवैध परिवहन और तस्करी को रोकने के लिए यह सुनिश्चित किया है कि शराब परिवहन करने वाली सभी गाड़ियों में भी जीपीएस सिस्टम लगाना है। सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) द्वारा शराब के परिवहन के लिए जारी निविदाओं में यह स्पष्ट शर्त भी शामिल है, जिसके तहत परिवहन डिजिटल लॉक और जीपीएस ट्रैकिंग सुविधा वाले वाहन से किया जाना है। इधर इस मामले में विभाग के जिला अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर पर सभी शराब परिवहन वाहन में जीपीएस सिस्टम लगाने की फाइल चल चुकी है, लेकिन इसे अनिवार्य रूप से लागू करने के संबंध में कोई स्पष्ट आदेश नहीं आया है। अधिकारियों का यह भी कहना है कि जीपीएस सिस्टम लगाने संबंधी जो भी आदेश जारी होगा शासन स्तर पर होगा।

### कार्रवाई नहीं, इसलिए सिस्टम का पालन भी नहीं

जीपीएस और पैनिक बटन लगाने का सिस्टम अनिवार्य है। इसके बाद भी वाहन मालिक इस आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके पीछे बड़ी वजह पालन नहीं करने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं किया जाना है। परिवहन विभाग अभी तक इस सिस्टम को लागू कराने में सख्ती नहीं बरती है, जिसके कारण इस सिस्टम का वाहन मालिक पालन भी नहीं कर रहे हैं।

### किस रूट पर वाहन चल रहा पल-पल की जानकारी मिलेगी

जीपीएस सिस्टम के लगने से बस, ट्रक, टैक्सी किस रूट पर चल रही है। इसकी पल-पल की जानकारी परिवहन विभाग को मिलेगी, वहीं पैनिक बटन की मदद से परिवहन विभाग और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी जा सकेगी। सूचना मिलते ही यात्री की सुरक्षा के लिए जीपीएस से ट्रेक कर पुलिस वहां पहुंच पाएगी।

# धान खरीदी में जोन कमिश्नरों की ड्यूटी सफाई, राजस्व विकास कार्य होंगे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण प्रदेश में जहां धान खरीदी, टोकन, किसानों के पंजीयन का कार्य प्रभावित हुआ है, वहीं रायपुर जिले के धान खरीदी केंद्रों में सहकारी समितियों की हड़ताल के कारण वहां की जिम्मेदारी जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार ने नगर निगम के जोन कमिश्नरों को सौंप दी है। इससे वार्डो की सफाई, राजस्व एवं अन्य विकास कार्यों की जिम्मेदारी छोड़कर 10 जोन के कमिश्नर धान खरीदी केंद्रों में नोडल और सहायक नोडल अधिकारी बतौर डयूटी दे रहे हैं। यही नहीं, रायपुर नगर निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे को भी धरमपुरा उपार्जन केंद्र की जिम्मेदारी दी गई है। जिला कलेक्टर के इस अजब-गजब आदेश को लेकर निगम के अधिकारी भौंचक हैं।

धान खरीदी व्यवस्था में किसानों को टोकन जारी करने और खरीदी की सूची बनाने का जिम्मा पहली बार नगर निगम के जोन कमिश्नरों को दिया गया है। यही नहीं, एडिशनल कमिश्नर के साथ निगम से एक-एक कंप्यूटर आपरेटर्स की भी ड्यूटी इन उपार्जन केंद्रों में लगाई गई है। कहीं-कहीं इस काम में जोन कमिश्नर अपने इंजीनियर्स की भी मदद ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### मतदाता सूची को लेकर महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड में हुई बैठक

**रायपुर।** मतदाता सूची और विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर बुधवार को भाजपा पुरानी बस्ती मंडल के अंतर्गत महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड क्रमांक 42 के समस्त बूथ अध्यक्षों और बीएलओ-2 के साथ इस कार्य को और अधिक गति प्रदान करने के लिए बैठक हुई। यह बैठक यादव समाज सामुदायिक भवन बंधुवापारा में की गई। बैठक में विधायक सुनील सोनी, एसआईआर कार्यक्रम के विधानसभा प्रभारी ललित जैसिंग, कार्यक्रम मंडल प्रभारी चूड़ामणि निर्मलकर, मंडल अध्यक्ष केदार धनगर, ज़ोन क्रमांक 5 अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद अम्बर अग्रवाल, पूर्व मंडल महामंत्री किरण अग्रवाल, आशीष धनगर, अरविंद यादव, अमीर कोषे समेत समस्त बूथ अध्यक्ष, बीएलआ 2 एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लखमा की आंबेडकर अस्पताल में जांच

**रायपुर।** शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को आंखों के इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया। पूर्व विधायक का इलाज सुरक्षित तरीके से कराने के साथ उनकी सुरक्षा के लिए अस्पताल में पुलिस बल का अतिरिक्त इंतजाम भी किया गया था। लगभग 6 घंटे के इलाज के बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया गया।

### डा. पुनीत गुप्ता अतिरिक्त संचालक के प्रभार से मुक्त

**रायपुर।** पंडित जवाहर लाल नेहरु स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डा. पुनीत गुप्ता को चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है डा. गुप्ता को ओएसडी मेडिकल कालेज के साथ अतिरिक्त संचालक की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी।

# गुरु तेग बहादुर का बलिदान इतिहास की अमिट शौर्य गाथा, जिसे छुपाया गया : डॉ चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय नेहरू चौक स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं के रचनात्मक विकास के लिए निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने विद्यालय पहुंचकर प्रतियोगिताओं का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों की कला और लेखन क्षमता की सराहना की। निरीक्षण के पश्चात छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. विमल चोपड़ा ने सिख पंथ के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन अत्यंत साहसपूर्ण और शौर्यपूर्ण रहा है। यह वह बलिदानी जीवन है, जिससे हम सभी को



प्रेरणा लेनी चाहिए। इतिहास के पन्नों का जिक्र करते हुए डॉ. चोपड़ा ने कहा, गुरु तेग बहादुर ने औरंगजेब के क्रूर दबाव के बावजूद अपना धर्म परिवर्तन स्वीकार नहीं किया और स्वयं को शहीद कर दिया। दुर्भाग्यवश, इतिहास में ऐसी शौर्यपूर्ण गाथाओं को छुपा कर रखा गया और हमें इनके बारे में सही जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज की युवा पीढ़ी को इस प्रकार की शौर्य गाथाओं की जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कृति पर गर्व कर सकें। डॉ. चोपड़ा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सिख समाज से सरदार छोटू चावला, प्रिंस चावला, विद्यालय के प्राचार्य एचके आचार्य, उपप्राचार्य चमनलाल चंद्राकर, हेमंत डड़सेना, नरेंद्र सिंह सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का किया स्वागत...



**पिथौरा (ग्रामीण)।** बिरसा मुंडा जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगमन हुआ। इस दौरान रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने परंपरागत ओड़िया वस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर राष्ट्रपति मुर्मू का आत्मीय स्वागत किया। राष्ट्रपति के आगमन से उत्साह का माहौल रहा।

# चोपड़ा ने स्वास्थ्य मंत्री से भेंटकर महासमुंद मेडिकल कॉलेज की समस्याओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी और छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज़ कॉर्पोरेशन (सीजीएमएसी) के अध्यक्ष दीपक म्हस्के से मुलाकात के दौरान महासमुंद मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। चर्चा के उपरांत स्वास्थ्य मंत्री ने समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए नोटशीट तैयार करने के निर्देश दिए।

डॉ चोपड़ा ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि सीटी स्कैन मशीन की खरीदी के लिए बजट स्वीकृत किया गया है, जिसकी राशि शासन से आ चुकी है, शीघ्र ही खरीदी किया जाएगा। बजट की राशि शासन ने उपलब्ध करा दी है। मशीन की





आपूर्ति के लिए शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अतिरिक्त 7 करोड़ 70 लाख के बजट से अन्य आवश्यक उपकरण, जिनमें सी आर्म, एक्स-रे मशीन, और सोनोग्राफी मशीन शामिल हैं, जिसकी खरीदी के लिए भी चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि इन उपकरणों में से कुछ की खरीदी के लिए महासमुंद मेडिकल कॉलेज के डीन को अधिकृत किया जा रहा है और क्रय राशि उन्हें वापस भेजी जा रही है, ताकि वे स्थानीय स्तर पर ही खरीदी कर सकें। साथ ही मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए हॉस्टल की उपलब्धता को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

डॉ. चोपड़ा ने स्वास्थ्य मंत्री से अनुरोध किया कि वह वन मंत्री से चर्चा कर महासमुंद वन विभाग के एक खाली पड़े हॉस्टल को मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए उपलब्ध कराएं। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वन मंत्री को नोटशीट बनाकर भेजी जाए और उन्होंने आश्वासन दिया कि वह स्वयं वन मंत्री से इस विषय पर चर्चा करेंगे, कि वन विभाग का खाली पड़ा हॉस्टल अस्थाई तौर पर एक वर्ष के लिए कॉलेज को उपलब्ध हो सके।



### मतदाताओं के घर पहुंच दे रहे प्रपत्र

**महासमुंद।** एसआईआर को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा नियुक्त विधानसभा बीएलए वन देवीचंद राठी वार्ड क्र. 14 के मतदान केंद्र क्रमांक 177 में मतदाताओं तक डोर टू डोर पहुंच कर शीघ्र गणना प्रपत्र भरने की अपील की। बूथ क्रमांक 177 की बीएलओ अंजुला चौरसिया द्वारा सभी मतदाताओं के घर पर फार्म दिया जा रहा है, जिन्होने गणना प्रपत्र को भर लिया है उनसे वापस जमा भी लेने का कार्य प्रारम्भ हो गया है। देवीचंद राठी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 4 दिसंबर गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तारीख है। शीघ्र जमा करें एवं जिन्हें फार्म नहीं मिला है वे मतदान केंद्र के बीएलओ से संपर्क करें। नए मतदाता एवं जिन मतदाताओं को 2003 के मतदाता सूची में अपना नाम की जानकारी चाहिए, वे मोबाईल के माध्यम से लिंक पर जाकर तुरंत जानकारी ले सकते है। इसके अलावा भाजपा के बूथ प्रभारियों के पास, भाजपा कार्यालय एवं विधायक कार्यालय बीटीआई रोड में मतदाता सूची 2003 की उपलब्ध है जानकारी ले सकते है।



### मुढ़ेना एवं घोड़ारी में विधायक ने जनचौपाल लगाकर सुनी आमजन की समस्याएं

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा गुरुवार को ग्राम मुढ़ेना एवं घोड़ारी पहुंचे और लोगों की समस्याओं से अवगत हुए, इस दौरान उन्होनें ग्रामीणों की समस्याओं के उचित निराकरण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप घोष, गोविंद ठाकुर, साजन यादव, जनपद सदस्य विजयलक्ष्मी जांगडे, दिनेश रूपरेला, आकाश पांडे, भैरव पाल सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### बिछिया में महालक्ष्मी पूजा पर हरि कीर्तन का आयोजन, पहुंचे मोक्ष कुमार

**बसना।** बिछिया में महालक्ष्मी पूजा महोत्सव पर अष्ट प्रहरि नामयज्ञ एवं हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गेर्रा (छत्तीसगढ़), खरसल (ओड़िशा), लुरुपाली और देउलतुण्डा सहित विभिन्न आमंत्रित दलों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। इस धार्मिक आयोजन में बसना विधानसभा के कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान पहुंचकर दर्शन किए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन गांव में एकता, आपसी प्रेम और सामाजिक सद्भाव को मजबूत बनाते हैं। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने मोक्ष कुमार प्रधान का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

# अचल संपत्ति पंजीयन में हुए फेरबदल पर अंकित ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- किसानों को मिटाने अंतिम ब्रह्मास्त्र चलाया भाजपा ने

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि आज से पूरे प्रदेश में जमीनों की नई गाइड लाइन दरें लागू कर दी गई। एक तरफ भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने जमीन की कीमत में 30 प्रतिशत छूट थी, उसे भाजपा ने आते ही इसे खत्म किया और आज से जमीनों की गाइड लाइन रेट बढ़ा दिया, ऊपर से शहर की जमीन जब बेची जाएगी तो रोड से लगे पहले 15000 फीट को स्क्वायर फीट में बेचना होगा और इसके उलट जब शासन अधिग्रहित करेगी तो पहले शुरू की जमीन को फीट में देने का प्रावधान था, इसे खत्म कर उसे भी वो एकड़ में लेगी। अब इससे ग्रामीण अंचल की जमीनों की कीमतें भी आसमान छूने लगेगी। अंकित ने बताया कि अब जमीन की कीमत में वृद्धि 150 से 400 प्रतिशत कर दी गई है, इससे अब ना किसान जमीन खरीद पाएगा ना ही बेच पाएगा क्योंकि, बाजार दर और सरकारी मूल्य वृद्धि के कारण भारी असमानता आ चुकी है।



इसी प्रकार वर्तमान डबल इंजन सरकार ने सत्ता में आते ही कांग्रेस की बिजली बिल हॉफ योजना को बंद किया, तीन बार कर 80 पैसे प्रति यूनिट कीमत बढ़ाई। फिर योजना की माफी योजना को 400 यूनिट से घटा कर 100 यूनिट किया। अदानी को लाभ पहुंचाने स्मार्ट मीटर जबरन लगाया और जब विपक्ष के माध्यम से आम जन ने इसका विरोध जोर से किया तो अब एहसान जताने 100 यूनिट को बढ़ा कर 200 यूनिट कर दिया तो इसमें किया क्या? अब भी ये योजना पूर्ववर्ती भूपेश सरकार की योजना से 200 यूनिट कम है। अंकित ने बताया कि पूरे देश में भाजपा इसी योजना पर काम कर रही है। कांग्रेस सरकार के समय की रसोई गैस की कीमत 400 रुपए प्रति सिलेंडर से बढ़कर 1100 किया। कई सालों तक कीमत वसूला और लोकसभा चुनाव आते ही उसे 900 कर दिया। इसी प्रकार राहुल गांधी के लाख विरोध के बाद पूरे देश के आम नागरिकों से पहले जीएसटी में पहले 117 लाख करोड़ कमाए अब राहत देने की नौटंकी 7 सालों बाद कर रहे हैं। जिसके कारण दूध, कफ़न, शिक्षा, कृषि, बीमा से लेकर हर क्षेत्र में आम जन को जम कर लूटा गया। कुल मिलाकर अंतिम सत्य ये है कि आमजन को इतना परेशान कर दो की वो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क की बात छोड़ दें और त्राहिमाम करती रहे। ताकि, कुछ समय बाद इस अत्याचारी महंगाई से राहत रूपी कुछ कमी दिखा दी जा सके।

### छात्रों ने वाहन सर्विसिंग एवं इंजन तकनीक को जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड बागबाहरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में कक्षा नवमी से बारहवीं तक के व्यायसायिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत में छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन और व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इसके लिए छात्र-छात्राओं को प्रियंका ऑटोकेयर कोमाखान ले जाया गया, जहां छात्र-छात्राओं ने बारीकी से समस्त गतिविधियां देखी वाहन सर्विसिंग, इंजन तकनीक, आधुनिक डायग्नोस्टिक सिस्टम, वर्कशॉप संचालन जैसे तकनीकी कार्यों को नजदीकी से समझा विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को औद्योगिक कौशल से परिचित करवाना और रोजगार उन्मुख शिक्षा को मजबूत बनाना है। बच्चों में आत्मनिर्भरता के लिए जागरुकता विकसित करना है।

इस अवसर पर व्याख्यातागण परस राम सिन्हा, नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, नीलू सोनी, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ एवं आपरेटर संघ के कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अंतर्गत किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ एवं आपरेटर संघ के हड़ताली समिति प्रबंधक, सहायक समिति प्रबंधक, विक्रेता, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी आज अपनी मांगों को लेकर कर रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त करने संबंधी पत्र जिला प्रशासन को सौंपा। वे अपने



कार्य पर कल से उपस्थित होंगे। अब वे धान उपार्जन केन्द्रों में पूर्व की भांति अपनी सेवाएं देंगे। देर शाम जिला कार्यालय के सभा कक्ष में संघ के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर रवि साहू, खाद्य अधिकारी अजय यादव, नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा एवं उप पंजीयक द्वारिका नाथ के समक्ष पत्र सौंपा।

# पीएम आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप सड़क की लड़ाई लड़ने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, पूर्व सभापति प्रमोद दुबे ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी गड़बड़ी चल रही है। करीब 800 लोगों को प्रधानमंत्री आवास में मकान बनाने पैसा नहीं मिला है। 1200 हितग्राही ऐसे हैं जिन लोगों को नक्शा मिला है, पर वे आवास बनाना प्रारंभ नहीं कर पा रहे हैं। इससे यह साबित होता है कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार गरीबों का सपना पूरा नहीं कर पा रही



है। पत्रकारों से चर्चा में कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता को उसका अधिकार दिलाने जरूरत पड़ी, तो सड़क की लड़ाई लड़ने से नहीं चूकेगी। निगम के नेता प्रतिपक्ष कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1023 हितग्राहियों की सूची केंद्र से स्वीकृत हो गई है, पर राज्य सरकार से अप्रूवल नहीं मिल रहा है। किसी को 5 माह किसी को 6 माह से किस्त की राशि नहीं मिली है। गरीब व्यक्ति अपने परिचितों, रिश्तेदारों से उधारी में पैसे लेकर मकान बनाने मजबूर हो रहे हैं। लोग खुद के पुराने मकान को तोड़कर अब किराये के मकान में रहने विवश हो गए हैं। वहीं इस योजना से जुड़े अधिकारी भी भुक्तभोगियों की परेशानी नहीं समझ रहे। आकाश तिवारी ने कहा कि सड्डू के बजरंग पारा, नालापारा कचना, अयोध्यानगर के हितग्राहियों को किस्त देने की जगह केवल आश्वासन मिल रहा है। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे उपस्थित थे।

# ग्राम कमेटी का गठन, डिगेश्वर अमावस एवं चमन मारकंडे बेलटुकरी अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिला व ब्लॉक महासमुंद के निर्देशन व परिक्षेत्र पदाधिकारियों की अगुवाई में तुमगांव अठगवा परिक्षेत्र के अमावस व बेलटुकरी में ग्राम कमेटी का गठन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि रेखराज बघेल जिला सचिव रहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती ने की। प्रथम बैठक ग्राम अमावस में बाबा गुरुघासीदास के चरणों में मंगल पूजा से प्रारंभ हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव रेखराज बघेल ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि दादा नकुल देव ढीढी द्वारा चलाए गए समाज सुधार, एकता व सामाजिक व्यवस्था निर्माण की परिकल्पना का कारवां को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी प्रगतिशील सतनामी समाज ने लिया है। ब्लॉक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती ने नशामुक्त समाज बनाने, सभी ग्रामों में सौहार्द्र छवियुक्त समाज संगठित होकर सामाजिक कार्यों का निष्पादन करने, ग्राम भंडारी को समाज में सदैव गुरु तुल्य सम्मान प्रदान करने बातें कही। गणेश टंडन ब्लाक सचिंव ने युवाओं से वैज्ञानिकता व टेक्नालॉजी पर कार्य करें, साहित्य सृजनकार बने, अतिउत्साह व व्यसन से दूर रहे,



रोजगार मूलक प्रशिक्षण प्राप्त करके व सफल उद्यमि कुशल बनकर लोगों को रोजगार प्रदान करने की बात कही।

पश्चात ग्राम कमेटी का गठन करते हुए डिगेश्वर सत्यम अध्यक्ष, विष्णु जांगड़े, मनीष बघेल, नोहर जांगड़े उपाध्यक्ष, मनीष ढीढी सचिव, देवेंद्र मन्नू जांगड़े कोषाध्यक्ष, लंकेश चतुर्वेदी प्रवक्ता, अनिल ढीढी संरक्षक, उत्तम टंडन सलाहकार, खेमराज ढीढी, मीडिया प्रभारी दुर्गेश जांगड़े भण्डारी, नोहर दास सेवादार, बाबूलाल रात्रे, कार्यकारिणी में धनजी टंडन, सालिक टंडन, सूरज कुर्रे, गंगाराम ढीढी, जगतारण रिकेश टंडन, अनिल टंडन, जगत टंडन ईश्वर जोगी, राजकुमार, कुलेश्वर, टीकम, महिला प्रकोष्ठ में अध्यक्ष हेमिन बाई टंडन, उपाध्यक्ष गीता बाई, संगीता बाई, सुरेश्वरी चतुर्वेदी, सचिव वीणा जांगड़े, देवकी कुर्रे प्रवक्ता, मनीषा सहसचिव, अन्य सदस्यों में रथबाई, सीमा, राधिका, तिनिया, पानबाई, उजाला,,सुहागा, साधना, शांतिबाई, जूनाबाई, दुकाला, पूना मिर्चे, मीता, लीलाबाई, सावित्री घृतलहरे, नीरा ढीढी, उर्मिला जांगड़े, अंजूबाई जांगड़े, बोसनी चतुर्वेदी, अगरबाई, देवशिर मेहतरिन कुर्रे शामिल है। पश्चात शाम को ग्राम बेलटुकरी में बैठक हुई। ग्राम कमेटी का गठन किया गया, इसमें संरक्षक कीर्ति बघेल, अध्यक्ष चमन मारकंडे, रमेश सोनवानी, संतकुमार टंडन, सनत पाटिल उपाध्यक्ष, राहुल खूंटे सचिव, टिकेश्वर मारकंडे सहसचिव, कोषाध्यक्ष मुकेश कोसले, कुनाल मारकंडे मीडिया प्रभारी, फुलदास टंडन भंडारी, गरीबदास सेवादार, प्रवक्ता चोवा राम व कार्यकारणी में संजय बंजारे, नारद रात्रे, नंदकुमार गायकवाड़, नरेंद्र, मनोज, टीकम कुर्रे, शुभम, अजित, प्रवेश बघेल, ओमप्रकाश, उमेश, धर्मेंद्र टंडन, जीतु, राकेश, रामकुमार टंडन का मनोनयन किया गया। बैठक को वेदराम गिलहरे अध्यक्ष तुमगांव आदि मौजूद रहे। संचालन परिक्षेत्र सचिव गोवर्धन खूंटे ने किया।

### केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह का आयोजन

**महासमुंद।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य संजय कंसल के नेतृत्व में पुस्तकालय विभाग द्वारा राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह 2025 का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 नवंबर से 20 नवंबर तक पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। आयोजन के प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला खेल अधिकारी अंजलि बरमाल, प्राचार्य संजय कंसल तथा वरिष्ठ शिक्षक एसके सिंह एवं पुस्तकालयाध्यक्ष वंदिनी जौहरी द्वारा रचित पुस्तक सफ़रः खामोशी से कलम तक का पुस्तक विमोचन किया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने भाषण के दौरान पुस्तक की एक कविता का वाचन भी किया गया। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थी द्वारा नेहरु का जीवन परिचय एवं उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों का उल्लेख किया गया। पूरे सप्ताह प्रार्थना सभा के दौरान काव्य पाठ, लेखक जयंती दलाल, लेखक विवेकी राय के जीवन पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए पुस्तकालय में 3 दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। समापन समारोह में प्राथमिक विभाग के लिए पुस्तक प्रदर्शनी एवं कक्षा सातवी ब के छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक की सुंदर प्रस्तुति दी गई।

# सिनोधा मार्ग के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एनएच 53 से ग्राम सिनोधा तक प्रस्तावित सड़क मार्ग के लिए बुधवार को भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के युवा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विधि विधान से पूजन कर इसकी शुरुआत की। बता दें कि उक्त मार्ग में करीब 2.5 किमी सड़क निर्माण होना है, जिसकी लागत करीब 381.89 लाख रुपए है। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास की गति धीमी नहीं पड़ती है। आवश्यकता और मांग के अनुरूप लगातार विकास कार्यों को स्वीकृति मिल रही है।

आगे कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार को 2 साल पूरे होने वाले हैं। इन दो सालों में हमारी सरकार ने प्रदेश में विकास का नया अध्याय लिखा है। प्रदेश के हर कोने तक विकास कार्य हो रहे हैं। लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर आमजनों को इसका लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीणों क्षेत्रों में सड़क निर्माण सहित अन्य विकास कार्य लगातार स्वीकृत हो रहे हैं। लोगों की मांग पूरी हो रही है, इससे जनता में सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

इसके साथ ही प्रदेश में शांति और सुरक्षा की दृष्टि से भी व्यापक कार्य हो रहे हैं। बस्तर क्षेत्र में नक्सली हथियार छोड़कर मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। इससे समाज में अच्छा संदेश मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश साहू, धरम पटेल, जनपद सदस्य रूपकुमारी ध्रुव, सरपंच तपेश्वरी सीताराम साहू, अभिषेक पांडे, भैरव पाल सहित अन्य उपस्थित थें।

### विधायक ने लगाया जनचौपाल

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। क्षेत्र से संबंधित अन्य समस्याओं और मांग से संबंधित विषयों पर ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याओं के उचित निराकरण का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप



### अगहन गुरुवार को लक्ष्मी की विशेष पूजा

**अरंड (पिथौरा)**। ग्राम अरंड में महिलाओं ने अगहन गुरुवार को माता लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना की गई। अपने-अपने घर आंगन को रंगोली एवं चावल आटा से पदचिन्ह बनाया गया। गांव के कामिनी बाई निर्मलकर, चंपेश्वरी बाई, नीतू बाई, संतोषी बाई ठाकुर, पुष्पा बाई, हीरामती, धनेश्वरी बाई, कौशिल्या बाई आदि ने अपने घरों में मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

### जिला पंचायत में विशेष शिविर आज

**महासमुंद**। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देशभर में बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों को उनके असली मालिकों को लौटाने के लिए एक विशेष पहल के तहत आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान की शुरुआत की गई है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अभय पारे ने बताया कि इसका उद्देश्य नागरिकों को उनके बिना दावे वाली संपत्तियों को जैसे निष्क्रिय बैंक खाते को पुनः प्राप्त करने में मदद करना है। दिसंबर 2025 तक चलने वाला यह एक अभियान तीन चरणों में केंद्रित है। यह जागरूकता पहुंच कार्यवाही है, ताकि लोग आसानी से अपना पैसा पा सके और उसका दावा कर सके। इसमें वित्तीय सेवा विभाग द्वारा समन्वित बैंकों, बीमा कंपनियों एवं स्टॉक एक्सचेंज सहित कई संस्थान शामिल है। पारे ने बताया कि आरबीआई की पहल के तहत यादि अपने पुराने बैंक खाते में पैसा जमा करके भूल गए हैं, यानी निष्क्रिय खाते या असंचालित खाते को चाकू करने या उसे वापस पाने के लिए तीन चरण अपनाने होंगे। पहला आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाए, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।



### गुरुवार को लक्ष्मी की पूजा अर्चना

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में अगहन गुरुवार को महिलाओं ने माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। अगहन गुरुवार का काफी महत्व होता है। अगहन माह में हर गुरुवार महालक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए कुंवारी कन्याओं के साथ ही शादीशुदा महिलाएं भी पूरे विधि-विधान से पूजा करती हैं। अगहन गुरुवार के मौके पर महिलाओं द्वारा मां लक्ष्मी की विशेष पूजापाठ की जाती है। अगहन माह के चारों गुरुवार को महालक्ष्मी की विधिवत पूजा की जाती है।

### जिला स्तरीय सब-जूनियर एवं जूनियर ट्रायल खो-खो प्रतियोगिता 23 को

**तेंदूकोना**। छत्तीसगढ़ एम्मच्योर खो-खो फेडरेशन एवं जिला खो-खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक, बालिका रायपुर एवं जूनियर वर्ग बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन जिला राजनांदगांव में आगामी दिनों में प्रस्तावित है। राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए जिले से टीम गठन के लिए चयन ट्रायल होगा। इसके लिए जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता 23 नवंबर रविवार को मिनी स्टेडियम में प्रातः 11 बजे से आयोजित है। जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता/चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए जिला के खो-खो क्लबों, स्कूल, क्रीड़ा परिसर के बालक बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते है। सब जूनियर वर्ग बालक, बालिका की आयु गणना 04 फरवरी 2026 की स्थिति में 14 वर्ष से कम एवं जूनियर वर्ग बालक बालिका की आयु गणना 06 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

**आयोजन : टर्मिनेटर स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी सीजन-1 क्रिकेट प्रतियोगिता हुई**

# आत्मानंद स्कूल ने टर्मिनेटर स्कूल चैंपियन ट्रॉफी का जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित टर्मिनेटर स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी सीजन-1 क्रिकेट प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम में खेला गया। जिसके फ़ाइनल मैच में स्वामी आत्मानंद स्कूल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। वेडनर मेमोरियल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 62 रन ही बना पाई। वेडनर स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए आदित्य रात्रे ने 17 रन का योगदान दिया। आत्मानंद स्कूल के तरफ से गेंदबाजी में फैज़ान खान और हिमांशु साहू ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में 63 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आत्मानंद स्कूल की टीम ने 5 ओवर में इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। आत्मानंद स्कूल की ओर से बल्लेबाजी में संयम यादव ने 36 रनों की शानदार पारी खेली। आत्मानंद स्कूल ने 8 विकेट से यह मैच जीत कर प्रतियोगिता की विजेता बनी। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच संयम यादव रहे। प्रतियोगिता की उपविजेता वेडनर मेमोरियल स्कूल एवं तीसरे स्थान पर रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद रही। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आवेश अली, बेस्ट बॉलर आवेश अली, बेस्ट बैट्समैन नमन यादव, बेस्ट फील्डर नमन यादव, बेस्ट विकेट कीपर आदित्य रात्रे रहे।



प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अतिविशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाअध्यक्ष येतराम साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका देवीचंद राठी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, पूर्व सदस्य युवा आयोग प्रशांत श्रीवास्तव, पार्षद भाऊ राम साहू, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक शिक्षा खेल अधिकारी अंजलि बरमाल, पार्षद मुन्ना देवार, पारस चोपड़ा चैयरमैन शिशु संस्कार, पूजा शर्मा प्राचार्य रिवरडेल, तबरेज खान, सिराज बक्श, अजय बंजारे, नईम खान रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने टर्मिनेटर इंटरनैशनल क्रिकेट एकेडमी और शबाब कुरैशी की हौसला अफजाई की। टर्मिनेटर स्कूल चैंपियन ट्रॉफी सीजन 1 ने महासमुंद नगर के सिर्फ़ खिलाड़ियों को मंच ही नहीं दिया, बल्कि हमारे क्षेत्र के खेल स्तर को भी एक नई दिशा दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि खेल सिर्फ़ ट्रॉफी जीतने का नाम नहीं है, खेल चरित्र निर्माण का माध्यम है। प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश रहेगी कि ऐसे आयोजनों को बढ़ावा मिले, खिलाड़ियों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध हों। टर्मिनेटर एकेडमी के कोच जमशेद अख्तर ने आभार व्यक्त किया तथा मंच संचालन ईश्वर चंद्राकर ने किया।

# खिलाड़ी की एकाग्रता को तेज करता है क्रिकेट : विक्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

नगर के शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित पीसीएल डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन के मैच का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता विक्की सलूजा एवं अध्यक्षता भाजपा महामंत्री जतिन ठक्कर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस करवाकर किया।




ज्ञात हो कि पिथौरा नगर में पिछले कई वर्षों से लगातार क्रिकेट मैच हमेशा दर्शकों को देखने को मिलता है। बड़े बड़े खेल के आयोजन पिथौरा शहर कराने में मशहूर है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता विक्की सलूजा ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व में क्रिकेट की लोकप्रियता का स्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा है और अब तो बालकों के साथ साथ हमारे देश की बालिकाओं ने भी क्रिकेट का विश्व कप जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। क्रिकेट शारीरिक फिटनेस विकसित करता है और एकाग्रता को तेज करता है। प्रत्येक मैच प्रशंसकों और खिलाड़ियों दोनों को समान रूप से ऊर्जावान बनाता है। सचिन तेंदुलकर और एमएस धोनी जैसे दिग्गजों के साथ भारत के क्रिकेट इतिहास असाधारण है। क्रिकेट खेलना समर्पण और टीम वर्क के बारे में बहुमूल्य सबक सिखाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महामंत्री जतिन ठक्कर ने कहा कि क्रिकेट मैच लोगों को एक साथ लाते हैं और उनमें अपनेपन की भावना को बढ़ावा देते हैं। क्रिकेट के माध्यम से, छात्र सामूहिक प्रयास और दूसरों के प्रति सम्मान का मूल्य सीखते हैं। यह क्रिकेट को सिर्फ़ एक खेल से कहीं बढ़कर बनाता है। इस अवसर पर आयोजक पार्षद कौशल मानिकपुरी, पार्षद भीमा रौतिया, पोलेश मिश्रा, नवीन साहू, राहुल यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# किसान ईश्वर ने इत्मिनान से बेचा धान, खरीदी सुगमता से जारी

**महासमुंद**। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बिना किसी रुकावट के तेजी से जारी है। खरीदी शुरू हुए अभी मात्र पांच दिन हुए हैं, लेकिन राज्यभर के उपार्जन केंद्रों में धान की आवक जोर पकड़ने लगी है। आज की स्थिति में जिले के 130 समितियों के 182 उपार्जन केंद्रों में से 127 केंद्रों में 1294 टोकन काटा गया है। आज दिनांक तक 75 हजार 101 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। इसके अलावा जिन केंद्रों में धान खरीदी की शुरुआत नहीं हुई है। लगभग उन सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों से निर्बाध रूप से धान खरीदने की पूरी तैयारी की जा रही है। जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में सभी केंद्रों में धान खरीदने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। महासमुंद जिले में भी अब किसान उत्साह से धान खरीदी केंद्रों में धान लेकर पहुंच रहे हैं। प्राथमिक सहकारी समिति शेर में शेर गांव के कृषक ईश्वर निषाद ने आज ढाई एकड़ खेती से उत्पादित 52.80 क्विंटल धान की बिक्री के लिए उनके द्वारा ऑनलाईन टोकन काटा गया है। आज वे इस केंद्र में इत्मीनान से धान बेचा। उन्होंने कहा कि केंद्र में किसी तरह के कोई अफरा-तफरी का माहौल नहीं है। यहां आते ही किसानों का स्वागत किया गया एवं धान खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शेर सहकारी समिति आज 11 किसानों का टोकन काटा गया है। जिसमें 570 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। यहां पहुंचे अन्य किसानों ने बताया कि इस बार टोकन व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी है एवं ऑनलाइन है। तौलाई सही हो रही है, बारदाने की कोई कमी नहीं है और सरकार की व्यवस्थाओं से वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील किया है कि हड़ताल के बावजूद वैकल्पिक इंतजामों से धान खरीदी का कार्य सुगमता पूर्वक हो रहा है।

## प्रधानमंत्री सड़क की हालत खराब, ग्रामीण हो रहे हैं परेशान





**नर्रा**। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क ग्राम बिंद्रावन से धौराभांठा व छुरा मार्ग को जोड़ती है। इस मार्ग पर जगह जगह गड्ढे, सड़क की डामर की परते व गिट्टियां उखड़ गई है, इससे आवागमन करने ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इस मार्ग पर चार पहिया वाहन गुजरने से सड़क पर धूल के गुब्बार उड़ रही है। 10 से 12 किमी की सड़क जर्जर व खस्ताहाल सी हो गई है। इस सड़क पर जगह जगह गड्ढे होने से मोटर साइकिल व साइकिल चालक चोटिल हो रहे है। लगातार दुर्घटनाएं घट रही है। इस मार्ग पर रोजाना हजारों राहगीर आवागमन करते हैं। इसी तरह धौराभांठा से छुरा मार्ग की सड़क भी खराब हो गई है।

# जल संचय में महासमुंद जिले को अव्वल आने पर सराहा

**महासमुंद**। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने जल संचय में महासमुंद जिला को अव्वल लाने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की सराहना करते हुए हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कलेक्टर की बहुत बड़ी भागीदारी है और इन्हें राष्ट्रपति द्वारा परफॉर्मिंग जिले के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया है। यह कलेक्टर के अथक प्रयास और सक्रिय भागीदारी है। कलेक्टर जिले के कोई भी नागरिक, जनप्रतिनिधि, किसी भी समुदाय का हो प्राथमिकता से उनसे मुलाकात करते हैं।



# सरकार की धान खरीदी में देरी से किसान परेशान : मोक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

कांग्रेस युवा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान ने कहा कि धान उत्पादन में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाला छत्तीसगढ़, जिसे देशभर में 'धान का कटोरा' कहा जाता है, इस समय एक गंभीर कृषि संकट से गुजर रहा है। राज्य में हर वर्ष नियत समय पर शुरू होने वाली धान खरीदी प्रक्रिया इस बार अब तक प्रारंभ नहीं हो सकी है। इसके चलते प्रदेश के लाखों किसान बेचैनी और असमंजस की स्थिति में हैं। राज्य के अधिकांश जिलों में धान कटाई पूरी हो चुकी है, लेकिन खरीद केंद्रों में ताले लटके होने के कारण किसानों को अपना धान घरों, खलिहानों और अस्थायी पॉलिथीन टेंटों में सुरक्षित रखना पड़ रहा है। इस बीच बदलते मौसम और अनियमित वर्षा की आशंका किसानों के लिए एक और बड़ी चिंता बन गई है। भीगने या खराब होने की स्थिति में फसल का भारी नुकसान होना तय है। धान खरीदी में हो रही देरी को लेकर मोक्ष कुमार प्रधान ने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि किसान त्रस्त हैं और सरकार मस्त। समय पर धान खरीदी नहीं खोलकर सरकार किसानों के साथ नाइंसाफी कर रही है। छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है, लेकिन आज यहां के किसान अपनी फसल बेचने के इंतजार में परेशान हैं। प्रधान ने यह भी आरोप लगाया कि देरी के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति डगमगाने लगी है, क्योंकि उन्हें आगे की रबी फसल की तैयारी के लिए तुरंत नकदी की जरूरत होती है। गांवों में कई किसानों ने धान बेचकर कर्ज चुकाने, बीज-खाद खरीदने, और घर-परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने की योजनाएं बना रखी थीं, लेकिन खरीदी न खुलने के कारण वे ठिठके पड़े हैं। उन्होंने बताया कि धान किसानों की रीढ़ है और यही उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है। ऐसे में खरीदी में देरी से किसान मानसिक और आर्थिक दोनों रूप से परेशान हैं।



# पत्रिका भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयाम का किया विमोचन

**महासमुंद**। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान एवं हिंदी शोध केंद्र द्वारा प्रकाशित पत्रिका विषय भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयाम का विमोचन प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में शोध संवर्धन समिति के पत्रिका संपादक डॉ मालती तिवारी शोध निर्देशक राजनीति विज्ञान विभाग, सह संपादक डॉ रीता पांडे शोध निर्देशक कला संकाय अध्यक्ष विभागाध्यक्ष इतिहास, डॉ नीलम अग्रवाल शोध निर्देशक विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉक्टर दुर्गावती भारती शोध निर्देशक विभागाध्यक्ष हिंदी, डॉ अजय कुमार देवांगन सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर साइंस उपस्थित थे। यह पत्रिका रिसर्च जनरल ऑफ सोशल एंड लाइफ साइंसेज सेंटर फॉर रिसर्च स्ट्डीज की मुख्य शोध पत्रिका मध्य प्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1973 के अंतर्गत पंजीकृत है, जिसका इंपैक्ट फैक्टर 7.0 है। पत्रिका एसएसएन 09373914 है।



इस अवसर पर शोध प्रकाशन एवं लेखन पर व्याख्यान कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि उच्च शिक्षा का पर्याय रिसर्च है, एनईपी नवाचार एवं शोध को विशेष महत्व दिया गया है। महाविद्यालय के प्राध्यापक, अतिथि प्राध्यापक एवं शोधार्थी वैज्ञानिक सोच के साथ आगामी इस शोध पत्रिका में सहभागिता प्रदान करें। लेखन सभी ने निहित होता है, जो अभिव्यक्ति का माध्यम है। जिसमें आप संपर्पित होकर कार्य करें। सभी को पुनः बधाई देते हुए कर्तव्यनिष्ठ बने रहे और हमारे दैनिक जीवन में लेखन के क्षेत्र में अपने विचारों को व्यक्त करें। जिसमें डॉक्टर नीलम अग्रवाल द्वारा शोध लेखन में साहित्यिक पुनरावलोकन के उद्देश्य और महत्व को विस्तार पूर्व बताई गई। डॉ दुर्गावती भारतीय ने अपने व्याख्यान में शोध को परिभाषित करते हुए कहा कि शोध शब्द शुध धातु से बना है, शुध का मूल अर्थ है शोधन करना, परिष्करण करना जैसे सोना-चांदी को विशिष्ट प्रक्रिया से परखा जाता है। अशुद्धियों को विलग कर शुद्ध किया जाता है। भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयाम विषय पर व्याख्यान दिया। पीपीटी के माध्यम से डॉ अजय देवांगन द्वारा शोध में साहित्यिक चोरी प्लेगिरिज्म की जानकारी दी गई। इसमें शोध कार्य में क्या क्या सावधानी रखनी चाहिए। डॉ जगदीश सत्यम द्वारा रिसर्च शोध पेपर लेखन पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। महाविद्यालय में डॉक्टर मालती तिवारी के निर्देशन में शोध लेखन एवं कार्य अबाध गति से संचालित है, प्रकाशित शोध पत्रिका खंड 2 भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयाम में 37 शोध पत्र शामिल है। जिसमें 60 लोगों की सहभागिता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य, दिलीप कुमार बढ़ाई, राजेश्वरी सोनी, प्रदीप कन्हेर, सरस्वती सेठ, आशुतोष पूरी गोस्वामी, मनबोध चौहान, केदारचंद बनपाल, मनीषा प्रधान, अतिथि व्याख्याता डॉ गरिमा दीवान, नम्रता तंबोली, रेणुका साहू, प्रकाशमणि साहू सहित राजनीति विज्ञान एवं हिंदी शोधार्थी व स्नातकोत्तर कक्षाएं की कक्षा के छात्र-छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार मिर्चे एवं आभार प्रदर्शन डॉक्टर रीता पांडे ने किया।

